an>

Title: Regarding doubling and electrification of Guna Makshi railway section in Rajgarh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

**श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश, कृषि क्षेत्र होकर भी विकास की असीम संभावनाओं को अपने में समेटे हुए है। क्षेत्र में लगभग एक करोड़ निवासियों का एकमात्र रेलमार्ग गुना-मक्सी रेलखण्ड है, जोकि पश्चिम-मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु इस मार्ग का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण किया जाना आवश्यक है। इससे इस मार्ग के क्षेत्रवासियों के आवागमन के साथ, विजयपुर, गेल, एन. एफ.एल आदि उपक्रमों के व्यापार, व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक आदि कार्यों में आने-जाने में सुविधाएं तो प्राप्त होंगी ही, साथ ही वर्तमान में मक्सी से नागदा तथा मक्सी से भोपाल के अधिक लम्बे मार्ग की अपेक्षा मक्सी-गुना रेलवे ट्रैक से कई गाड़ियों का संचालन कम खर्चीला व समय बचाने वाला जन हितैÂषी और जनोपयोगी सिद्ध होगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण कर, जो कि सर्वे होने के पश्चात् विभागीय रूप से लगभग सहमति प्राप्त है, गुना-मक्सी रेलखण्ड दोहरीकरण व विद्युतीकरण की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Rodmal Nagar.

Now, Shri Ravindra Kumar Ray - not present.